तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, बुधवार 12 नवंबर 2025

बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़



12 खेल से मिलती है अनुशासन और एकता की सीखः भोजराज





12 अभिमान की चोटी सी चिंगारी जीवन को जलाकर ...




## खबर संक्षेप

### बिरसा मुंडा जयंती पर कार्यशाला आज

**बालोद/कलंगपुर।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा



जिला बालोद के तत्वधान में आज समय 12 बजे, जनजाति गौरव दिवस बिरसा मुंडा के 150वी जयंती के अवसर पर जिला कार्यालय बालोद में कार्यशाला आयोजित कि गई है। इस कार्य शाला में अनुसूचित जनजाति मोर्चा के सभी पदाधिकारी एवं जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, सरपंच व पंच गण को अधिक से अधिक जनसंख्या में इस कार्य क्रम में आने की अपील की गई है। यह जानकारी प्रदेश कार्य समिति सदस्य थानसिंह मंडावी ने दी।

### सीसी टीवी कैमरा तोड़ा, आरोपी गिरफ्तार

**बालोद/निकुम।** अर्जुन्दा थाना क्षेत्र के भरदाकला में बीते महीने भर से असामाजिक तत्वों के हौसले परवान चढ़ रहे है, शासकीय उचित मूल्य की दुकान भरदाकला में बीते चार दिन पहले रात में लगे कैमरे को क्षतिग्रस्त करके तोड़ दिया गया। वही अर्जुंदा पुलिस सजगता व कड़ी मेहनत से कैमरा तोड़ने वाले आरोपी को अर्जुन्दा पुलिस ने ग्राम भरदा कला स्थानीय ग्रामीण 52 वर्षीय ढालचंद सवालकर को पुलिस हिरासत में लेकर धारा 170 बी एन एस मामला दर्ज कर एसडीएम गुण्डरदही में पेश किया। वही ग्राम भरदा कला के सरपंच क्रांति भूषण साहू ने कहा क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाये, ताकि गांव में शांति व्यवस्था बनी रहे।

### 6 सौ मीटर कॉपर वायर चोरी, रिपोर्ट दर्ज

**बालोद।** अज्ञात चोर द्वारा सोलर मॉडयूल्स के कनेक्टसर्ट को क्षतिग्रस्त कर करीब 600 मीटर कॉपर केबल वायर को चोरी कर ली। जिससे कंपनी को करीब 40 लाख का नुकसान हो गया। जिसके बाद कंपनी के साझेदार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमे पुलिस ने धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। बोरसी थाना पदमानाथपुर जिला दुर्ग निवासी संदीप सिंघल पिता जायदेव सिंघल 39 वर्ष ने पुलिस को बताया कि श्री शिव इंडस्ट्रीज (सोलर प्लांट) बीजाभांठा जिला बालोद मे 07 नवंबर की रात्रि मे सोलर पावर प्लांट बीजाभांठा परिसर मे अज्ञात चोर के द्वारा सोलर मॉडयूल्स के कनेक्टर्स को क्षतिग्रस्त करते हुए लगभग 375 मॉडयूल्स से लगभग 600 मीटर कॉपर केबल वायर प्लास्टिक इंसुलेटेड कीमती लगभग 70000 को काटकर चोरी कर ले गए है। इस घटना के कारण मॉडयूल्स के कनेक्टर्स को क्षति पहुंची है, जिससे अब पूरे मॉडयूल्स को बदलना आवश्यक हो गया है। इस कारण हमारी फर्म लगभग 40 लाख की हानि हुई है।

### कार की ठोकर से युवती घायल, रिपोर्ट दर्ज

**बालोद।** रिस्तेदार से मिलकर स्कूटी के माध्यम से वापस आ रही युवती को कार ने ठोकर मार दी। जिससे युवती बुरी तरह घायल हो गई। जिसके बाद युवक ने कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 184 एमओटी, 125(ए), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। ग्राम डोकला थाना चारामा निवासी रितिका मंडावी ने पुलिस को बताया कि 10 नवंबर को सुबह करीबन 08 बजे अपने स्कूटी वाहन क्रमांक सीजी 24 डब्लू 5235 से रिश्तेदार के घर ग्राम धौराभाठा धमतरी गई थी। रिश्तेदारो से मिलकर करीबन 12 बजे अपने घर चारामा जाने के लिये निकली थी कि करीबन 1 बजे एन0एच0 30 मार्ग ग्राम कोचवाही के आगे ढ़ाबा के पास पहुची थी कि सामने चारामा की ओर से आ रही वाहन कार क्रमांक सीजी 17 एलबी 5506 के चालक अपने वाहन को तेज गति लापरवाही पूर्वक एवं खतरनाक ढंग से चलाते हुये मेरे वाहन स्कूटी क्रमांक सीजी 24 डब्लू 5235 को जोरदार ठोकर मारकर एक्सीडेन्ट कर दिया एक्सीडेन्ट करने से मेरे चेहरा, बायें कंधा, दाहीना हांथ एवं दाहीना पैर में चोट लगा है एवं स्कूटी क्षतिग्रस्त हो गया है।

## टटेंगा में कैंसर मुक्त भारत अभियान के तहत हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

जिला शिक्षा अधिकारी बालोद के आदेशानुसार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में कैंसर मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत स्टॉप कैंसर मिशन पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम के अध्यक्ष संकुल प्राचार्य आर के देवांगन, संयोजक संकुल समन्वयक लीलेंद्र देवांगन तथा काउंसलर के रूप में गीता नरेटी नागपुर से उपस्थित थी। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता अजय पाठक ने की। कार्यशाला में संकुल केंद्र टटेंगा के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक, माध्यमिक व हायर सेकंडरी विद्यालय में कैंसर की बीमारी क्यों होती है तथा इससे बचाव के तरीके बताए गए।

### कैंसर पहचान और उपचार पर विशेषज्ञों ने दी विस्तृत जानकारी



#### ये रहे उपस्थित

इसके इलाज के लिए पंचकर्म चिकित्सा के अंतर्गत स्नेहन (साइंटिफिक मसाज), स्वेदन (साइंटिफिक स्टीम बाथ) और बस्ती (साइंटिफिक एनीमा) का सहारा लिया जा सकता है। इस कार्यशाला में शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला जेवरतला से बी आर साहू, सीमा कौमार्य, देवी साहू, चमेली कोसीमा, हिमा देहारी, आभा डोंगरे, वर्षा साहू, निवेदिता महेश्वर, कुलेंद्र राणा, सारिका वर्मा, टटेगा से संजय साहू, नेहा साहू, गायत्री देवांगन, चंद्रमणि वासनिक, टी एल देवांगन, वेद प्रकाश साहू, लीखन राम सर्पा (प्रधान पाठक) ,पवन सिन्हा, हेपशीबा एंथोनी, हरदी से सरोज रत्न बाला, भरदा से कमलेश्वर सिंह, कसही से नूतन साहू(प्रधान पाठक), औरी से आशीष कुमार साहू उपस्थित थे।

मुख्यतः पाचन संस्थान, गर्भाशय, स्तन, ब्लड कैंसर के लक्षण, कारण और बचाव के तरीके बताए गए। आंत या मूत्राशय की अनियमित क्रिया, कब्ज या पतला दस्त, शरीर में कहीं पर भी न सूखने वाला घाव, असामान्य रक्त स्राव, लंबे समय तक निगलने में कठिनाई, शरीर में गांठ होना कैंसर के लक्षण हो सकते हैं। उनकी जानकारी सीबीसी, पूरे शरीर की जांच या अन्य अंगों की जांच के द्वारा ले सकते हैं।

### बैठक : कलेक्टर दिव्या ने समीक्षा बैठक ली लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के निर्देश

## उत्कृष्ट जल संरक्षण कार्यों के लिए भारत सरकार से मिलेगी 2 करोड़ की प्रोत्साहन राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने विभागवार समय–सीमा के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए सभी विभाग प्रमुखों को निर्धारित समयावधि में लंबित प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

- कलेक्टर ने गौधाम संचालन और स्थान चयन कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश
- विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य समय पर पूरा करने पर कलेक्टर ने जताया जोर

कलेक्टर मिश्रा संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में जिले के सभी विभाग एवं कार्यालय प्रमुखों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि प्रकरणों के निराकरण के दौरान समय–सीमा का विशेष ध्यान रखें जिससे कि निर्धारित समयावधि में प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित कर आम जनता को उनका समुचित लाभ पहुँचाया जा सके। समय–सीमा की बैठक में आज अपर कलेक्टर अजय किशोर लकरा एवं नूतन कंवर सहित राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा अन्य अधिकारीगण




उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने विभिन्न विभागों के कार्यों की प्रगति की विभागवार समीक्षा की। बैठक में मिश्रा ने राज्य में 17 नवंबर से प्रारंभ हो रहे समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य के अंतर्गत जिले में धान खरीदी कार्य को सुचारू रूप से संपन्न करने हेतु की जा रही तैयारियों के संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

मिश्रा ने जिले में धान खरीदी के कार्य को निर्बाध रूप से संपन्न कराने हेतु सभी धान खरीदी केन्द्रों में कम्प्यूटर ऑपरेटरों की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर मिश्रा ने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को गौधाम योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र एवं नगरीय निकायों में गौधाम के संचालन हेतु जगह चयन के संबंध में भी जानकारी दी। मिश्रा ने अधिकारियों को इस कार्य को शीघ्र सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

### दल्लीराजहरा में शीघ्र ही केन्द्रीय विद्यालय होने वाला है प्रारंभ

बैठक में कलेक्टर ने जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्वाचन कार्यों के अंतर्गत इस महत्वपूर्ण कार्य से जुड़े सभी अधिकारी–कर्मचारियों को इस कार्य में समय–सीमा का विशेष ध्यान रखने को कहा। मिश्रा ने जिले के दल्लीराजहरा नगर में केन्द्रीय विद्यालय प्रारंभ करने हेतु की जा रही कार्यवाही के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि दल्लीराजहरा में शीघ्र ही केन्द्रीय विद्यालय प्रारंभ होने वाला है। उन्होंने दल्लीराहजरा में केन्द्रीय विद्यालय प्रारंभ कराने हेतु एसडीएम सुरेश साहू द्वारा तत्परता से की गई कार्यवाही की सराहना की। बैठक में मिश्रा ने जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता को जिले में जल संचयन, जन भागीदारी अभियान के कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की। मिश्रा ने इस अभियान के अंतर्गत बालोद जिले में हुए बेहतरीन कार्यों के फलस्वरूप भारत सरकार के द्वारा शीघ्र ही 2 करोड़ रूपये प्रदान करने की जानकारी दी।

## विकास कार्यों और ज्वलंत समस्याओं को लेकर सीएम से मिला जिपं प्रतिनिधिमंडल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

विगत दिनों छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के संभलपुर (लोहारा) आगमन पर जिला पंचायत बालोद की अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर के नेतृत्व में जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, जनपद अध्यक्ष कांति सोनवर्षा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं और विकास की आवश्यकताओं को लेकर मंच पर मुलाकात की।

विदित हो कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मरार पटेल समाज के प्रदेश स्तरीय युवक युवती परिचय सम्मेलन में शामिल होने ग्राम संभलपुर पहुंचे थे इस दौरान तारिणी चन्द्राकर के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने विस्तार से क्षेत्र की वर्तमान चुनौतियों और अपेक्षित विकास परियोजनाओं पर चर्चा की।

प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को सड़क नेटवर्क, विभिन्न पुल पुलिया, पंचायतों की विभिन्न मांगों वी समस्याओं,स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार जैसी प्रमुख समस्याओं से अवगत कराया। समस्याओं के समाधान की मांग के साथ ही प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र में विकास कार्यों को सुनिश्चित करने के लिए कई महत्वपूर्ण विकास कार्यों की सूची भी सौंपी। मुख्यमंत्री ने मंच पर ही प्रतिनिधिमंडल को ध्यानपूर्वक सुना और उन्हें आश्वासन दिया कि सरकार उनकी चिंताओं से पूरी तरह अवगत है। उन्होंने इन समस्याओं के समाधान हेतु कार्य योजना तैयार करने और मांगी गई विकास परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाने का आश्वासन दिया। जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री के सकारात्मक आश्वासन पर संतोष व्यक्त किया और उम्मीद जताई कि सरकार जल्द ही इन मांगों पर ठोस कदम उठाएगी।

## ई-रिक्शा पलटा, महिला यात्री घायल, चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ई रिक्शा चालक द्वारा ई रिक्शा रास्ते में पलटने से रिक्शा में बैठी महिला घायल हो गई। जिसके बाद महिला ने ई रिक्शा चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमें पुलिस ने धारा 184 एलकेएस, 125(ए), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

रूर निवासी चित्ररेखा नागवंशी ने पुलिस को बताया कि सब्जी खरीदने के बाद ई रिक्शा क्रमांक सीजी 05 एटी 7719 में बैठकर वापस अपने घर आ रही थी। इसी दौरान मेन रोड एनएच 930 मार्ग के पास शाम 06:20 बजे ई रिक्शा क्रमांक सीजी 05 एटी 7719 के चालक यादव कुमार साहू के द्वारा अपने वाहन को लापरवाही पूर्वक चलाते हुये अनियत्रित होकर पलट गया, एक्सीडेंट होने से मुझे बांया हाथ के हथेली, बांया कंथा एवं दांये पैर के घुटना में चोट आया है। जिसे तत्काल प्राइवेट वाहन से सीएचसी गुरूर ले गये थे।

## धान कटाई के दौरान चश्मा पहनें, चिकित्सकों ने दी सावधानी बरतने की सलाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

इन दिनों ग्रामीण अंचलों में धान कटाई का कार्य जोरों पर चल रहा है। खेतों में काम कर रहे किसानों के इस दौरान आंखों की सुरक्षा को लेकर विशेष सावधानी बरतनी चाहिए, क्योंकि धूल मिट्टी से आंखों को नुकसान पहुंच सकता है। अगर धान कटाई–मिंजाई के दौरान आंखों में कचरा–धूल मिट्टी घुस जाए, तो तत्काल नेत्र रोग चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए।

- किसानों को नेत्र विशेषज्ञों की सलाह – बिना परामर्श के न करें आई ड्रॉप का उपयोग
- कटाई–मिंजाई के दौरान आंखों में चोट से बचें

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुरुर में पदस्थ नेत्र चिकित्सा अधिकारी डिगेश देवदास ने बताया कि धान की कटाई के दौरान अक्सर बाली आंख में लग जाती है, जिससे



आंख की सतह (कॉर्निया) पर चोट पहुंचती है। ऐसी स्थिति में कई किसान बिना परामर्श के मेडिकल दुकानों से सस्ती और गलत स्टेरॉयड आई ड्राप खरीदकर लगा लेते हैं। इससे फंगल कॉर्नियल अल्सर हो जाता है, जिसके कारण आंख पर स्थायी धब्बा (स्पॉट) आ जाती है और दृष्टि क्षीण हो जाती है। चिकित्सक की सलाह के बिना दवाई या ड्राप लगाने से बचें।

खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील भारती ने कहा अगर आंख में कोई चोट हो जाए तो स्वयं दवा का प्रयोग न करें। तुरंत नेत्र चिकित्सक से परामर्श लेकर उचित उपचार कराएं। चिकित्सक द्वारा दी गई दवा या ड्राप लगाने से आंख पूरी तरह सुरक्षित रखी जा सकती है और दृष्टि हानि से बचा जा सकता है। साथ ही वरिष्ठ नेत्र चिकित्सा अधिकारी अनिल सिन्हा ने किसानों को सलाह दी है कि धान कटाई के दौरान सुरक्षात्मक चश्मा पहनें, ताकि इस तरह की दुर्घटना से बचा जा सके।

### जनदर्शन में आवास, सड़क, स्कूल मरम्मत सहित कई मांगें रखी

## कलेक्टर दिव्या ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं और दिए कार्रवाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर अजय किशोर लकरा एवं संयुक्त कलेक्टर मधुहर्ष ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में जिले के विभिन्न स्थानों से पहुँचे लोगों से मधुर एवं आत्मीय बातचीत कर उनकी मांगों एवं समस्याओं की जानकारी ली। इस अवसर पर उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तलब कर आवेदकों के मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। जनदर्शन में ग्राम खलारी के सरपंच ने प्राथमिक शाला भवन की मरम्मत





हेतु आवेदन प्रस्तुत किए। इसी तरह ग्राम पापरा निवासी सुनीता कुर्रे एवं अर्जुनी निवासी सपना चेलक ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, ग्राम पंचायत चिचबोड़ के सरपंच ने गांव में सड़क मरम्मत कराने, ग्राम परसोदा के शिवलाल ने आबादी भूमि का पट्टा दिलाने तथा ग्राम बेलमाण्ड के सरपंच ने शिक्षक व्यवस्था करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किए।

## दिल्ली धमाके में बालोद के ट्रांसपोर्ट व्यवसायी की कार हुई क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

दिल्ली में हुए कार धमाके में बालोद का एक युवक बाल बाल बचा लेकिन धमाके के नजदीक युवक का कार होने के कारण कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार बालोद के गुण्डरदेही ब्लॉक के ग्राम सिर्री निवासी हिमांशु दिल्ली मे रहकर ट्रांसपोर्ट का व्यवसाय करता है। ग्राम सिर्री में हिमांशु का परिवार रहता है, हिमांशु धमाके के वक्त लाल किले के बाहर घटनास्थल पर मौजूद था, धमाके में उसकी गाड़ी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई, हादसे के वक्त हिमांशु अपनी मारुती सुजुकी फ्रांक्स कार घटनास्थल के पास से ही गुजर रहा था। धमाके के बाद हिमांशु बघेल ने पूरी घटना की जानकारी अपने परिजनों को ग्राम सिर्री में फोन कर दी। हिमांशु ने बताया कि वो पूरी तरह से सुरक्षित है। सिर्री में रहने वाले हिमांशु दिल्ली में रहकर हिमांशु ट्रांसपोर्ट के व्यवसाय से जुड़ा है। घटना के दिन भी वो अपनी गाड़ी पार्किंग में खड़ी कर थोड़ी देर के लिए वहां से दूर गया था, तभी एक कार में जोरदार धमाका हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही बालोद जिला प्रशासन और पुलिस ने परिवार से संपर्क किया तथा हिमांशु के परिजनों से बातचीत की है। परिजनों ने बताया कि हिमांशु सुरक्षित हैं।

